सरकारी उपयोग के लिए

# भारत की जनगणना 1991

# धर्म और मातृभाषा सम्बन्धी सारणियों के मैनुअल संकलन के लिए अनुदेश

315.4
1991
Rel Mot Ton

भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली

# विषय सूची


पृष्ठ

**धर्म सम्बन्धी सारणी का मैनुअल संकलन.. ........ 1-9**

धर्म सम्बन्धी आंकड़ों के मैनुअल संकलन के लिए विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटियों का ब्यौरा

टेबुलेटर. ........ 2

वैरिफायर-टेबुलेटर. ........ 4

चैकर. ........ 5

वैरिफायर-चैकर . ........ 6

सुपरवाइजर. ........ 7

सांख्यिकीय सहायक/अन्वेषक . ........ 8

राज्य/जिला/तहसील/कस्बे के आंकड़ों का संकलन. ........ 9

**मातृभाषा सम्बन्धी सारणी का मैनुअल संकलन... ........ 10**

**नमूने के फार्म... ........ 11-18**

ब्लाक संकलन शीट—धर्म. ........ 11

चार्ज संकलन शीट—धर्म. ........ 12

संक्षिप्त विवरण—अन्य धर्म और सम्प्रदाय. ........ 13

मुख्य धर्म के मामले में विवरणियों को मिलाने का संक्षिप्त विवरण. ........ 14

फाइनल संक्षिप्त विवरण—धर्म. ........ 15

ब्लाक संकलन शीट—मातृभाषा. ........ 16

चार्ज संकलन शीट—मातृभाषा. ........ 17

मातृभाषाओं का संक्षिप्त विवरण. ........ 18

**अनुलग्नक.. ........ 19-27**

क. धर्मों की कोड सूची. ........ 19

ख. सारणी ग -9—धर्म. ........ 24

ग. सारणी ग—9— धर्म परिशिष्ट. ........ 25

घ. सारणी ग -9— धर्म—अनुलग्नक. ........ 26

# धर्म सम्बन्धी सारणी का मैनुअल संकलन

व्यक्तिगत पर्ची के प्रश्न 8 से किसी व्यक्ति के धर्म के बारे में आंकड़े प्राप्त होते हैं जिसकी प्रगणक द्वारा परिवार अनुसूची के कालम 9 में प्रत्येक व्यक्ति के नाम के सामने पहले ही नकल की जा चुकी है। व्यक्तिगत पर्ची के प्रश्न 8 से प्राप्त उत्तरों का सम्पादन और परिवार अनुसूची के कालम 9 में प्रविष्टि के सम्पादन और मिलान का कार्य टेबुलेटरों द्वारा प्राथमिक जनगणना सार के संकलन के लिए पहले ही किया जा चुका है। व्यक्तिगत पर्ची के प्रश्न 8 (धर्म) के सम्पादन और मिलान अनुदेश नीचे उद्धरित किए जाते हैं :—

"प्रश्न 8—धर्म

2. परिवार के प्रत्येक सदस्य के सम्बन्ध में परिवार अनुसूची के कालम 9 में की गई प्रविष्टि का मिलान व्यक्तिगत पर्ची के प्रश्न 8 के समक्ष की गई तत्समान प्रविष्टि के साथ करें। कृपया यह नोट करें कि इस प्रकार का मिलान, सामान्य, संस्थागत या बेघर सभी प्रकार के परिवारों के लिए किया जाएगा। यदि परिवार के किसी सदस्य के सम्बन्ध में यह प्रविष्टि समान नहीं है तो आप व्यक्तिगत पर्ची के प्रश्न 8 में की गई प्रविष्टि के आधार पर परिवार अनुसूची के कालम 9 में की गई प्रविष्टि को ठीक कर लें। यदि परिवार के किसी सदस्य के बारे में यह प्रविष्टि व्यक्तिगत पर्ची या परिवार अनुसूची में से किसी एक में नहीं की गई है तो आप उस अनुसूची में से प्रविष्टि की नकल करके लिख लें जिसमें यह प्रविष्टि की गई है और दोनों दस्तावेजों को ठीक कर लें। यदि परिवार के किसी सदस्य के सम्बन्ध में व्यक्तिगत पर्ची और परिवार अनुसूची दोनों में ही कोई प्रविष्टि नहीं की गई है तो परिवार के अन्य सम्बन्धित सदस्यों के बारे में धर्म सम्बन्धी प्रविष्टियों को देखें और दोनों ही अनुसूचियों में उसी के अनुसार धर्म दर्ज कर दें।"

3. परिवार अनूसुचियों से धर्म-वार आंकड़े प्राप्त करने के लिए प्रचालन इकाई एक चार्ज होगा। टेबुलेटर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के प्रमुख धर्म को छोड़कर शेष प्रत्येक धर्म के आंकड़े संकलन की पद्धति के माध्यम से प्राप्त करेंगे। राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के प्रमुख धर्म के आंकड़े बाद में बताए गए तरीके से प्राप्त किए जाएंगे।

4. एक सुपरवाइजर के अधीन तीन टीमें होंगी। प्रत्येक टीम में 6 टेबुलेटर और एक चैकर होगा। एक सुपरवाइजर को सामान्यतः निम्नलिखित रिकार्ड जारी किए जाएंगे :—

1. एक चार्ज की भरी हुई परिवार अनुसूचियां
2. चार्ज में गणना ब्लाकों की सूची
3. खाली ब्लाक संकलन शीटें—धर्म
4. खाली चार्ज संकलन शीटें—धर्म
5. खाली संक्षिप्त विवरण फार्म—धर्म
6. खाली फाइनल संक्षिप्त विवरण फार्म—धर्म

5. 18 टेबुलेटरों, 3 चैकरों और एक सुपरवाइजर की टीम में कार्य का वितरण निम्नानुसार किया जाएगा :—

(i) 18 टेबूलेटरों में से 10 टेबुलेटर बुनियादी संकलन का कार्य करेंगे और शेष 8 टेबुलेटर इन 10 टेबुलेटरों द्वारा किए गए कार्य की शत-प्रतिशत जांच करेंगे। सुविधा के लिए जो टेबुलेटर इस पूर्ण सत्यापन का कार्य करेंगे उन्हें वैरिफायर टेबुलेटर कहा जाएगा।

(ii) तीन चैकरों में से एक चैकर रिकार्ड को संभालने और अन्य विविध कार्यों में सुपरवाइजर की सहायता करेगा। वह रिकार्ड जारी कराने और उसे अन्य भरे हुए फार्मों

के साथ रिकार्ड रूम को लौटाने में सुपरवाइजर की सहायता करेगा। आवश्यकता पड़ने पर वह संकलन/सत्यापन कार्य भी करेगा । दो अन्य चैकर, वैरिफायर टेबुलेटरों द्वारा किए गए सत्यापन की सैम्पल जांच करने के अपने सामान्य कार्य के अतिरिक्त "चार्ज संकलन शीटें"—धर्म तैयार करेंगे।

(iii) सुपरवाइजर रिकार्ड प्रबंध के अतिरिक्त टेबुलेटरों और चैकरों के कार्य की परीक्षण जांच करेगा। सुपरवाइजर को 8 वैरिफायर टेबुलेटरों के कार्य की जांच विशेष रूप से अवश्य करनी होगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सत्यापन का कार्य गम्भीरतापूर्वक और प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि यदि इस स्तर पर कोई गलती रह जाती है तो उसका आंकड़ों की शुद्धता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। संकलित आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए कठोर पर्यवेक्षण अनिवार्य है।

**धर्म सम्बन्धी आंकड़ों के मैनुअल संकलन के लिए विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटियों का ब्यौरा**

**टेबुलेटर**

6. रिकार्ड प्राप्त करने पर टेबुलेटर सबसे पहले इस बात की जांच करेगा कि उसे किसी गणना ब्लाक की परिवार अनुसूची की सभी पुस्तकें प्राप्त हो गई हैं और वे पुस्तकें संख्या के अनुसार क्रमवार व्यवस्थित हैं। यदि उसे यह पता चलता है कि परिवार अनुसूची की कोई पुस्तक नहीं है तो वह अपने सुपरवाइजर को इसकी रिपोर्ट करेगा। यदि परिवार अनुसूची की पुस्तकें क्रमवार व्यवस्थित नहीं हैं तो वह उन्हें क्रम से लगाएगा। ऐसा करने के पश्चात् वह ब्लाक संकलन शीट-धर्म में गणना ब्लाक को परिवार अनुसूचियों से गणना ब्लाक के पूर्ण लोकेशन विवरण भरेगा। इसके बाद वह परिवार अनुसूचियों के कालम 2, 4, 5 और 9 में दर्ज प्रविष्टियों के आधार पर धर्म सम्बन्धी आंकड़ों के संकलन का कार्य शुरू करेगा।

7. आमतौर पर यह देखा गया है कि अधिकांश मामलों में परिवार के सभी सदस्यों का धर्म एक ही होता है । परन्तु सामान्य/बेघर परिवारों के कुछ मामलों में और अधिकांश संस्थागत परिवारों में परिवार के सदस्यों का धर्म अलग-अलग हो सकता है। यहां इस बात पर पुनः बल दिया जाता है कि हम ये आंकड़े परिवार अनुसूची के कालम 9. में दर्ज धर्म के व्यक्तिगत उत्तरों से संकलित कर रहे हैं। कुछ मामलों में ऐसा भी हो सकता है कि परिवार के अधिकांश सदस्य प्रमुख धर्म के हों परन्तु उस परिवार के कुछ सदस्य किसी अन्य धर्म (धर्मों) के हों । ऐसे मामलों में टेबुलेटर को इन व्यक्तियों के सही-सही धर्म की नकल करते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी। संस्थागत परिवार के मामले में, इस बात की संभावना काफी अधिक रहती है कि उस परिवार के सदस्य अलग-अलग धर्मों के हों। इसलिए टेबुलेटर को ऐसी स्थितियों से पूर्णतः परिचित होना चाहिए।

8. संस्थागत परिवार के मामले में एक से अधिक परिवार अनुसूचियां प्रयुक्त की गई होंगी । यदि टेबुलेटर परिवार अनुसूची के प्रत्येक पृष्ठ के कालम 8 और के 9 ऊपर खाली स्थान में स्त्री/पुरुष-वार प्रत्येक धर्म के योग लिख दे तो कार्य काफी आसान हो जाएगा। प्रत्येक पृष्ठ पर योग लिखने के बाद वह इस परिवार के लिए प्रयुक्त की गई सभी अनुसूचियों के योग करेगा और अंतिम पृष्ठ पर धर्म-वार कुल योग लिख देगा। इस कुल योग की नकल ब्लाक संकलन शीट—धर्म में की जाएगी।

9. अब टेबुलेटर सबसे पहले परिवार अनुसूची का कालम 9 देखेगा। यदि वह यह देखता है कि परिवार अनुसूची के कालम 9 में उनके नामों के सामने दर्ज परिवार के सभी सदस्यों का धर्म एक ही है और वह धर्म उस राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का प्रमुख धर्म है तो वह अगली परिवार अनुसूची को देखेगा और उसके बाद की प्रत्येक परिवार अनुसूचियों को तब तक देखता जाएगा जब तक कि उसे

उस राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के प्रमुख धर्म से भिन्न कोई प्रविष्टि प्राप्त नहीं होती। मान लीजिए किसी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का प्रमुख धर्म हिन्दू है और उसे एक ऐसा परिवार मिलता है जिसके सभी सदस्य मुसलमान हैं, तो वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म के 4 कालमों के पहले सैट के ऊपर दिए गए खाली स्थान में मुसलमान लिख देगा और परिवार अनुसूची में दर्ज उस परिवार की क्रम संख्या दर्ज कर देगा। इसके बाद वह सम्बंधित कालमों में उस परिवार के व्यक्तियों, पुरुषों और स्त्रियों की संख्या दर्ज करेगा। व्यक्तियों के लिए वह परिवार अनुसूची के कालम 2 में दिए गए "योग" की संख्या की नकल करेगा और पुरुषों तथा स्त्रियों के लिए वह कालम 4 और 5 में दिए गए योगों की संख्या की नकल करेगा। बड़े परिवारों के मामले में, एक से अधिक परिवार अनुसूचियों का प्रयोग किया गया होगा। ऐसे मामले में, टेबुलेटर को सावधानी बरतनी होगी और इस परिवार की अंतिम अनुसूची से व्यक्तियों, पुरुषों तथा स्त्रियों के आंकड़ों की नकल करनी होगी।

10. अब, वह अगली परिवार अनुसूची लेगा और यदि इस मामले में वह यह देखता है कि इस परिवार के सभी सदस्य राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के प्रमुख धर्म अर्थात् हिन्दू हैं तो वह इसे छोड़ देगा और अगले परिवारों को तब तक छोड़ता रहेगा जब तक कि परिवार अनुसूची में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के प्रमुख धर्म से भिन्न धर्म वाला परिवार नहीं आ जाता। मान लीजिए उसे कोई ऐसा परिवार मिलता है जिसके सभी सदस्यों के धर्म के रूप में "मुसलमान" दर्ज किया गया है, तो वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म में पहले की जा चुकी प्रविष्टि के नीचे प्रविष्टि करेगा। यदि अगले परिवार के सभी सदस्यों का धर्म जैन है तो वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म के चार कालमों के अगले सैट में खाली जगह में जैन लिख देगा और ऊपर बताये गये अनुसार सभी चारों कालमों में प्रविष्टियां करेगा। टेबुलेटर इस प्रक्रिया को तब तक जारी रखेगा जब तक कि वह इस गणना ब्लाक के अंतिम परिवार तक नहीं पहुंच जाता।

11. यदि टेबुलेटर यह देखता है कि परिवार अनुसूची के कालम 9 में कोई भी प्रविष्टि नहीं की गई है, तो वह इस परिवार के विवरणों को ब्लाक संकलन शीट—धर्म में उचित स्थान अर्थात् "धर्म नहीं बताया" के चार कालम के सैट के नीचे दर्ज करेगा।

12. यह भी संभव है कि किसी ब्लाक में ब्लाक संकलन शीट—धर्म में दी गई लाइनों से अधिक प्रमुख धर्म से भिन्न धर्म वाले परिवार हों। ऐसे मामले में, टेबुलेटर ब्लाक संकलन शीट—धर्म का दूसरा फार्म लेगा। तथापि, इस ब्लाक संकलन शीट में अगले परिवार के विवरणों को दर्ज करने से पूर्व वह लोकेशन कोड विवरण और पृष्ठ संख्या दर्ज करने के बाद, चार कालमों के उसी सैट में धर्म के नामों को सही-सही लिखेगा जिसमें कि उन्हें प्रथम ब्लाक संकलन शीट—धर्म में दर्ज किया गया है। यह इसलिए बहुत जरूरी है ताकि प्रत्येक धर्म के योग करते समय टेबुलेटर को कोई कठिनाई न हो। ऐसी स्थितियां बहुत कम होंगी कि ब्लाक संकलन शीट—धर्म में दिये गये स्थान से अधिक विवरणियां हो। तथापि, ऐसे मामलों के ब्यौरे दर्ज करने के लिए टेबुलेटर को नई ब्लाक संकलन शीट—धर्म लेनी होगी। ब्लाक के योग करते समय अत्यंत सावधानी बरतनी होगी।

13. यह भी संभव है कि प्राथमिक जनगणना सार के स्तर पर संपादन सम्बन्धी पूर्ववर्ती अनुदेशों के अनुसार व्यक्तिगत पर्ची के प्रश्न 8 में दर्ज धर्म का परिवार अनुसूची के कालम 9 में व्यक्ति के धर्म से मिलान करने के बावजूद भी टेबूलेटर को परिवार अनुसूची में असामान्य प्रविष्टियां मिलें या कुछ धर्मों के रूपभेद या पर्यायवाची शब्द मिलें। यदि रूपभेद या पर्यायवाची धर्मों को मिलाना सम्भव हो तो भी टेबुलेटर को ऐसे परिवारों के विवरण पूर्णतः परिवार अनुसूची में दर्ज नामों के अनुसार दर्ज करने हैं और उन्हें किसी धर्म में मिलाने का कोई प्रयास नहीं करना है। दूसरे शब्दों में, कालमों के उतने ही सैट होंगे जितने कि गणना ब्लाक में व्यक्तियों के धर्म हों। टेबुलेटर को कोई भी संपादन नहीं करना है और उसे परिवार अनुसूची में दर्ज प्रविष्टि को ही ठीक-ठीक दर्ज करना है।

14. यदि वह यह पाता है कि जिस परिवार की प्रविष्टियां ब्लाक संकलन शीट—धर्म में की गई हैं उसके पुरुषों और स्त्रियों का योग व्यक्तियों की संख्या से मेल नहीं खाता है तो उसे परिवार अनुसूची में गलत प्रविष्टियों को ठीक करना होगा। मान लीजिए परिवार अनुसूची के कालम 2 से पता चलता है कि किसी परिवार में सात व्यक्ति हैं और परिवार अनुसूची के कालम 4 और 5 में क्रमशः 2 और 4 लिखा है। इसका अर्थ यह हुआ कि परिवार अनुसूची के कालम 4 और 5 में दर्ज प्रविष्टियों को जोड़ने से परिवार की कुल जनसंख्या 6 आती है न कि 7। इस त्रुटि को टेबुलेटर परिवार अनुसूची के कालम 4 और 5 की प्रविष्टियों की जांच करके ठीक कर सकता है। इन दोनों कालमों में से किसी में भी कोई त्रुटि मिलने पर वह परिवार अनुसूची के योगों को सही करेगा और यदि ब्लाक संकलन शीट—धर्म में पहले ही प्रविष्टियां की जा चुकी हैं तो वह उन्हें भी ठीक करेगा। यदि टेबुलेटर यह पाता है कि परिवार अनुसूची के कालम 4 और 5 में की गई प्रविष्टियां सही हैं और परिवार अनुसूची के कालम 2 का योग गलत है तो वह परिवार अनुसूची के कालम 2 की संख्या को सफाई से काट देगा और सही संख्या लिख देगा। यदि उसने ब्लाक संकलन शीट—धर्म में पहले ही प्रविष्टियां कर ली हैं तो वह उन्हें भी ठीक करेगा।

15. यह भी संभव है कि किसी गणना ब्लाक की पूरी जनसंख्या राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के प्रमुख धर्म की ही हो। इस स्थिति में टेबुलेटर ब्लाक संकलन शीट—धर्म स्पष्ट शब्दों में "शून्य" लिख देगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का प्रमुख धर्म ईसाई है और वहां किसी गणना ब्लाक में कोई भी व्यक्ति गैर ईसाई नहीं है तो ब्लाक के लिए, एक ब्लाक संकलन शीट—धर्म तैयार करके उस पर "शून्य" दर्ज कर दिया जाएगा।

16. टेबुलेटर द्वारा पूरे ब्लाक के लिए प्रविष्टि करने के पश्चात् अब प्रत्येक विशेष धर्म के अन्तर्गत कालम "परिवार संख्या" की प्रविष्टियों की गिनती करेगा और ब्लाक संकलन शीट—धर्म के इस कालम की अंतिम लाइन में इस योग को लिख देगा। वह अब व्यक्तियों, पुरुषों और स्त्रियों के योग करेगा और इन योगों को पृष्ठ के सबसे नीचे उचित कालमों में लिख देगा। इसके पश्चात् वह प्रत्येक धर्म के योग करेगा। यदि एक धर्म से संबन्धित प्रविष्टियां एक से अधिक पृष्ठों में फैली हुई हैं तो टेबुलेटर प्रथम पृष्ठ पर उस धर्म के योग करेगा, इस योग को अगले पृष्ठ पर ले जाएगा और ऐसा तब तक करता रहेगा जब तक कि वह गणना ब्लाक के अंतिम पृष्ठ पर कुल योग नहीं कर लेता। उन धर्मों के मामले में जिनकी प्रविष्टियां प्रथम पृष्ठ पर ही पूरी हो गई हैं, उन के योगों को अंतिम पृष्ठ पर अवश्य ले जाया जाना है। आगे संकलन को आसान बनाने के लिए ऐसा करना अति आवश्यक है क्योंकि चैकर को प्रत्येक धर्म के लिए ब्लाक के योग अन्तिम शीट से ही प्राप्त होंगे।

17. अब टेबुलेटर संकलन कार्य कर दिये जाने के प्रतीकस्वरूप ब्लाक संकलन शीट—धर्म के उचित कालम में तारीख सहित अपने हस्ताक्षर करेगा। इसके बाद, वह ब्लाक संकलन शीट (शीटों)—धर्म को गणना ब्लाक की परिवार अनुसूची पुस्तकों के बंडल के ऊपर रख कर उन्हें परिवार अनुसूची पुस्तकों के साथ बांध देगा और उन्हें तब तक एक तरफ रख देगा जब तक कि चैकर आकर उन्हें न ले जाए। अब वह अगले ब्लाक का काम आरम्भ करेगा और इसी प्रक्रिया को दोहरायेगा।

## वैरिफायर-टेबुलेटर

18. टीम के 18 टेबुलेटरों में से, शेष 8 टेबुलेटर उन 10 टेबुलेटरों के कार्य का सत्यापन करेंगे जिन्होंने संकलन का बुनियादी कार्य किया है। 4 : 5 का अनुपात रखा गया है क्योंकि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान लिखने का काफी काम दूर कर दिया गया है। तथापि, टेबुलेटर जिसने कि संकलन कार्य किया है, द्वारा अपनायी गयी पूरी प्रक्रिया को ही वैरिफायर-टेबुलेटर द्वारा भी सख्ती से अपनाया जाएगा। उसे प्रत्येक परिवार अनुसूची की स्वयं जांच करनी है और इस बात का सत्यापन करना है कि टेबुलेटर द्वारा ब्लाक संकलन शीट—धर्म में कि गई प्रविष्टियां सम्बंधित धर्मों के कालमों में ही की गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रविष्टियों की जांच करने के पश्चात् प्रविष्टियां

ठीक पाए जाने पर वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म में परिवार नम्बर पर सही का निशान ( ✔ ) लगाएगा। इससे इस बात की जांच करने में सहायता मिलेगी कि क्या कोई गलत प्रविष्ठि तो नहीं की गई है क्योंकि ऐसी प्रविष्टियों पर सही का निशान नहीं लगा होगा। ऐसे मामलों में इस बात की संतुष्टि कर लेने के पश्चात् कि प्रविष्टि गलत की गई है, वैरिफायर-टेबुलेटर उस प्रविष्टि को सफाई से काट देगा। यह भी संभव है कि वैरिफायर-टेबुलेटर को यह देखने में आए कि संकलन करने वाले टेबुलेटर ने किसी परिवार की प्रविष्टि नहीं की है जबकि यह प्रविष्टि की जानी चाहिए थी। ऐसा पाने पर वह अंतिम प्रविष्टि के पश्चात् सही धर्म के नीचे उस परिवार के विवरण दर्ज करेगा। प्रविष्टियों की जांच कर लेने के पश्चात् वह योगों की भी जांच करेगा।

**(संकलन के इस कार्य में वैरिफायर-टेबुलेटर की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि उसे यह सुनिश्चित करना है कि टेबुलेटर द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के धर्म के सम्बंध में परिवार अनुसूची में दी गई जानकारी की सही-सही प्रविष्टि ब्लाक संकलन शीट—धर्म में की गई है।)**

19. सत्यापन सम्बंधी कार्य अलग रंग के पैन/पेंसिल से किया जाना आवश्यक है।

20. ब्लाक संकलन शीट—धर्म में की गई प्रविष्टियों के सत्यापन तथा योगों की जांच कर लेने के पश्चात् वैरिफायर-टेबुलेटर सत्यापन कर लिए जाने के प्रतीकस्वरूप ब्लाक संकलन शीट—धर्म में उपयुक्त स्थान पर अपने हस्ताक्षर करेगा तथा सत्यापित ब्लाक संकलन शीट—धर्म को परिवार अनुसूची की पुस्तकों पर सबसे ऊपर रखकर उन्हें बांध देगा। यह कार्य पूरा कर लेने के पश्चात् वह इस बंडल को एक ओर रख देगा जिसे आगे की कार्रवाई के लिए कोई चैकर आकर ले जाएगा।

## चैकर

21. तीन चैकरों में से एक चैकर रिकार्ड प्रबंध में सुपरवाइजर की सहायता करेगा तथा समय-समय पर सुपरवाइजर द्वारा दिया गया संकलन और जांच सम्बंधी कार्य करेगा। टेबुलेटर द्वारा एक ब्लाक का संकलन कार्य पूरा कर लेने के तत्काल बाद चैकर, ब्लाक के रिकार्ड को प्राप्त करेगा तथा उन्हें 8 वैरिफायर-टेबुलेटरों में से किसी एक को सौंप देगा। इसी प्रकार वैरिफायर-टेबुलेटर द्वारा किसी ब्लाक का जांच कार्य पूरा कर लेने के तत्काल बाद चैकर रिकार्ड प्राप्त करेगा तथा उसे आगे की कार्रवाई के लिए सुपरवाइजर को सौंप देगा।

22. एक ब्लाक का रिकार्ड प्राप्त होने पर सुपरवाइजर ब्लाक संकलन शीट (शीटों) — धर्म को निकाल लेगा तथा परिवार अनुसूची की पुस्तकों को एक ओर रख देगा ताकि इस ब्लाक के रिकार्ड दोबारा जारी न किए जा सकें। ब्लाक संकलन शीट (शीटें)—धर्म निकाल लेने तथा निर्धारित नियंत्रण रजिस्टर में इंदराज कर लेने के पश्चात् वह इन्हें नीचे बताए गए के अनुसार आगे संकलन के लिए दूसरे चैकर को सौंप देगा।

23. दूसरा चैकर जिसे सत्यापित ब्लाक संकलन शीटें—धर्म दी गई हैं, आगे बताए गए के अनुसार ब्लाक संकलन शीट—धर्म के योगों को चार्ज संकलन शीट—धर्म में भरेगा। प्रत्येक धर्म के लिए अलग-अलग चार्ज संकलन शीट—धर्म उपयोग में लाई जाएगी। संकलन सम्बंधी कार्य शुरू करने से पूर्व वह सर्वप्रथम चार्ज संकलन शीट—धर्म में उपयुक्त स्थान पर लोकेशन सम्बन्धी विवरण भरेगा। तत्पश्चात् वह उसके सुपरवाइजर द्वारा दी गई ब्लाक संकलन शीट—धर्म को उठाएगा और यह देखेगा कि चार कालमों के पहले सैट पर कौन सा धर्म है। वह इस धर्म को चार्ज संकलन शीट—धर्म में उपयुक्त स्थान पर लिखेगा और ब्लाक संकलन शीट—धर्म के अंतिम पृष्ठ में सबसे नीचे दी गई व्यक्तियों, पुरुषों और स्त्रियों की संख्या को उसमें दर्ज करेगा। यदि एक ही ब्लाक संकलन शीट—धर्म का उपयोग किया गया है तो निःसंदेह इस ब्लाक संकलन शीट—धर्म के सबसे नीचे योग दिया गया होगा। पहले धर्म के आंकड़े दर्ज कर लेने के पश्चात् वह चार्ज संकलन शीट—धर्म का दूसरा फार्म लेगा और ब्लाक संकलन शीट—धर्म में दिये गये दूसरे धर्म का नाम चार्ज संकलन शीट—धर्म के फार्म में उपयुक्त स्थान पर लिखेगा। चैकर

इस चार्ज संकलन शीट—धर्म में लोकेशन संबंधी विवरण भी दर्ज करेगा। इसी प्रकार वह प्रत्येक धर्म के लिए अलग-अलग चार्ज संकलन शीट—धर्म भरेगा। यह क्रम तब तक जारी रहेगा जब तक कि ब्लाक संकलन शीट—धर्म की सभी प्रविष्टियां पूरी न हो जाएं। तत्पश्चात् वह चार्ज संकलन शीट—धर्म में ब्लाक की सभी प्रविष्टियां दर्ज कर लेने के प्रतीकस्वरूप ब्लाक संकलन शीट—धर्म में उपयुक्त स्थान पर अपने हस्ताक्षर करेगा। तत्पश्चात् वह अगले ब्लाक की ब्लाक संकलन शीट (शीटें)—धर्म लेगा तथा उसी प्रकार चार्ज संकलन शीट—धर्म में आंकड़े दर्ज करेगा। मान लीजिए उसे किसी ऐसे धर्म की प्रविष्टि मिलती है जिसके लिए उसने चार्ज संकलन शीट—धर्म पहले ही तैयार कर ली है तो वह चार्ज संकलन शीट—धर्म की अगली पंक्ति में ब्लाक के आंकड़े दर्ज करेगा। यदि उसे कोई ऐसा धर्म मिलता है जिसके लिए उसने चार्ज संकलन शीट—धर्म अभी तैयार नहीं की है तो वह चार्ज संकलन शीट—धर्म तैयार करेगा और चार्ज संकलन शीट—धर्म में लोकेशन सम्बन्धी विवरण दर्ज कर लेने के पश्चात् ब्लाक संकलन शीट—धर्म से प्रविष्टियां दर्ज करेगा। तथापि, सावधानी के तौर पर यह उल्लेख किया जाता है कि "धर्म नहीं बताया" के लिए भी अलग से शीट तैयार की जाएगी।

24. ऐसा करते समय हो सकता है कि चैकर को क्रमवार ब्लाक संकलन शीट-धर्म प्राप्त न हों। ब्लाक संकलन शीटें—धर्म प्राप्त होते ही प्रविष्टियां की जाएंगी। अतः ब्लाक संकलन शीटों—धर्म के योगों को चार्ज संकलन शीट—धर्म में उतारते समय काफी सावधानी बरतनी होगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी ब्लाकों की प्रविष्टियां कर ली गई हैं, चाज संकलन शीट—धर्म में प्रविष्टियां कर लेने के पश्चात् चैकर ब्लाक संकलन शीट—धर्म में उपयुक्त स्थान पर अपने हस्ताक्षर अवश्य करेगा। यह कार्य कर लेने के पश्चात् वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म से इस बात की जांच करेगा कि क्या चार्ज संकलन शीट—धर्म में सभी ब्लाक दर्ज कर लिए गए हैं। इसकी पुष्टि इस बात की जांच करके की जा सकती है कि क्या उसने सभी ब्लाक संकलन शीटों—धर्म पर अपने हस्ताक्षर किए हैं। यदि उसे कोई ऐसी ब्लाक संकलन शीट—धर्म मिलती है जिस पर उसने हस्ताक्षर नहीं किए हैं तो वह चार्ज संकलन शीट—धर्म से इस बात की जांच करेगा कि इस ब्लाक की प्रविष्टियां उतार ली गई हैं अथवा नहीं। ऐसा करना आवश्यक है क्योंकि यह भी हो सकता है कि उसने चार्ज संकलन शीट—धर्म में प्रविष्टियां तो कर ली हों लेकिन ब्लाक संकलन शीट—धर्म में हस्ताक्षर करना भूल गया हो। इस बात की संतुष्टि कर लेने के पश्चात् कि प्रविष्टि नहीं उतारी गई हैं, वह सम्बंधित चार्ज संकलन शीट—धर्म में ब्लाक के आंकड़े उतारेगा। यदि वह यह पाता है कि चार्ज संकलन शीट—धर्म में आंकड़े तो उतार लिए गए हैं किन्तु वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म में हस्ताक्षर करना भूल गया है तो वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म में अब हस्ताक्षर कर देगा।

25. एक महत्वपूर्ण बात जो उसे अपने ध्यान में रखनी है वह यह है कि चार्ज संकलन शीट—धर्म में आंकड़े उतारने के पश्चात् वह ब्लाक संकलन शीट—धर्म को उसी क्रम में रखे जिस क्रम में आंकड़े उतारे गए हैं। इससे सत्यापन कार्य करने में मदद मिलेगी क्योंकि सत्यापन कार्य करने वाले चैकर को चार्ज संकलन शीट—धर्म में ब्लाक की खोज नहीं करनी पड़ेगी।

26. अब वह प्रत्येक चार्ज में प्रत्येक धर्म के योग करेगा और चार्ज संकलन शीट—धर्म में उपयुक्त स्थान पर हस्ताक्षर करेगा। तत्पश्चात् वह सभी ब्लाक संकलन शीटों—धर्म और चार्ज संकलन शीटों—धर्म को अपने सुपरवाइजर को सौंप देगा जो प्रविष्टियों को उतारने और साथ ही योगों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने के लिए इन्हें अपने तीसरे चैकर जिसे इसके पश्चात् वैरिफायर- चैकर कहा गया है, को सौंप देगा।

**वैरिफायर-चैकर**

27. वैरिफायर-चैकर सम्पूर्ण प्रक्रिया को दोहरायेगा। सत्यापन के दौरान यदि उसे पता चलता है कि कोई प्रविष्टि नहीं की गई तो वह सम्बन्धित धर्म की चार्ज संकलन शीट—धर्म में अंतिम प्रविष्टि के बाद उसकी प्रविष्टि करेगा। यदि उसे यह पता चलता है कि कोई गलत प्रविष्टि की गई है तो वह यथास्थिति उस प्रविष्टि को काट

देगा या उसे ठीक कर लेगा। ऐसा करने के पश्चात् वह प्रत्येक धर्म के योग को सत्यापित करके चार्ज संकलन शीट—धर्म में उचित स्थान पर हस्ताक्षर करेगा।

28. इसके पश्चात् वह सभी ब्लाक संकलन शीटों—धर्म को चार्ज के ब्लाक नम्बरों के बढ़ते क्रम में रखकर उन्हें बाईं ओर सबसे ऊपर टैग या धागे से बांध देगा। यदि उसे पता चलता है कि किसी गणना ब्लाक की ब्लाक संकलन शीट—धर्म नहीं है तो वह अपने सुपरवाइजर को इसकी रिपोर्ट करेगा।

29. अब वह पूरे रिकार्ड को अपने सुपरवाइजर को सौंप देगा जो इस चार्ज के रिकार्ड पर आगे कार्रवाई करेगा।

**सुपरवाइजर**

30. सुपरवाइजर अपनी टीम की सारणीकरण की शुद्धता के लिए उत्तरदायी होगा। इसके लिए वह वैरिफायर-टेबुलेटरों और वैरिफायर-चैकरों के कार्य की परीक्षण जांच करेगा। इसके अतिरिक्त, वह चार्ज संकलन शीटों—धर्म के आधार पर अन्य धर्मों और सम्प्रदायों का संक्षिप्त विवरण भरेगा तथा आगे बताए गए अनुसार विवरणियों को मिलाने के बारे में कार्रवाई करेगा।

31. सुपरवाइजर प्रत्येक धर्म या सम्प्रदाय के लिए चैकर द्वारा तैयार की गई और वैरिफायर-चैकर द्वारा सत्यापित की गई सभी चार्ज संकलन शीटें—धर्म प्राप्त करेगा। अनुलग्नक-क में प्रत्येक धर्म के अधीन विभिन्न नामों/मतों/पंथों सहित मुख्य धर्मों की सूची दी गई है। सुपरवाइजर अब चार्ज संकलन शीट—धर्म में दर्ज किए गए धर्मों के नामों की इस दृष्टि से संवीक्षा करेगा कि क्या इनमें से किन्हीं धर्मों को मिलाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि सुपरवाइजर यह देखता है कि किसी चार्ज में इस्लाम, मुसलमान, शिया, सुन्नी आदि जैसे उत्तरों के लिए अलग-अलग चार्ज संकलन सीटें—धर्म हैं तो वह इनके योग को "मुसलमान" के योग में जोड़ देगा। इस प्रयोजन के लिए वह सर्वप्रथम चार्ज संकलन शीट (शीटों)— धर्म के नीचे ऐसी सभी विवरणियों की चार्ज संकलन शीट (शीटों) को रखेगा जिन्हें मुस्लिम धर्म में मिलाया जाना है। वह व्यक्तियों, पुरुषों और स्त्रियों के आंकड़ों को निर्धारित फार्म में (धर्मों को मिलाने का संक्षिप्ति विवरण) में स्थानांतरित करके अन्तिम योग करेगा। दिए गए इस उदाहरण में उसे चार्ज में मुसलमानों के अंतिम आंकड़े प्राप्त होंगे। संक्षिप्त विवरण को संबंधित चार्ज संकलन शीटों—धर्म के ऊपर रखा जाएगा और इन सबको एक साथ बांध दिया जाएगा। इस प्रकार वह चार्ज संकलन शीटों—धर्म और धर्मों को मिलाने का संक्षिप्त विवरण का पूरा सैट तैयार करेगा, जिसमें पूरे चार्ज के लिए दिए गए धर्म को मिलाने के सभी रिकार्ड सम्मिलित होंगे।

32. वह एक साथ मिलाई गई विवरणियों से सम्बंधित प्रत्येक चार्ज संकलन शीट—धर्म पर उस मुख्य धर्म के नाम का उल्लेख करेगा जिसके साथ इन्हें मिलाया गया है। उदाहरण के लिए, ऊपर दिए गए उदाहरण में वह इस्लाम, शिया या सुन्नी से सम्बंधित चार्ज संकलन शीटों—धर्म पर दायें कोने में सबसे ऊपर बड़े-बड़े शब्दों में "मुसलमान" लिखेगा। यह ध्यान रखा जाय कि धर्मों को मिलाने का यह कार्य केवल मुख्य धर्मों अर्थात् मुसलमान, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध और जैन के मामले में किया जाएगा।

33. सुपरवाइजर अब शेष चार्ज संकलन शीटों—धर्म की संवीक्षा करेगा। ऐसा करते समय उसे अंत में दिए गए अनुलग्नक "क" को देखकर हिन्दू धर्म के अन्तर्गत मिलाई जाने वाली विवरणियों से सम्बंधित चार्ज संकलन शीटें—धर्म अलग करनी होंगी। हिन्दू धर्म के साथ मिलाई जाने वाली ऐसी विवरणियों से सम्बंधित चार्ज संकलन शीटों—धर्म को अलग रखा जाएगा। सुपरवाइजर निर्धारित फार्म में इसी प्रकार के संक्षिप्त विवरण तैयार करेगा जिससे हिन्दू धर्म के साथ मिलाई जा रही सभी विवरणियों की स्त्री/पुरुष-वार कुल जनसंख्या प्राप्त होगी।

34. उक्त कार्य पूरा कर लेने के बाद सुपरवाइजर के पास उन अन्य धर्मों और सम्प्रदायों से सम्बंधित चार्ज संकलन शीटें—धर्म बचेंगी जिन्हें किसी भी मुख्य धर्म के साथ नहीं मिलाया गया है। अब इन्हें

आगे संशोधन के लिए लिया जाएगा। वह इन "अन्य धर्मों और सम्प्रदायों" के सम्बन्ध में निर्धारित फार्म में एक संक्षिप्त विवरण तैयार करेगा। इस संक्षिप्त विवरण—धर्म में धर्म के नाम के सामने "अन्य धर्म और सम्प्रदाय" लिखेगा। इसके पश्चात् वह अन्य धर्मों और सम्प्रदायों से संबन्धित इन चार्ज संकलन शीटों को संक्षिप्त विवरण के साथ बांध देगा।

35. इसके बाद वह निर्धारित फार्म में फाइनल संक्षिप्त विवरण—धर्म के संकलन का कार्य आरम्भ करेगा। उसमें उल्लिखित धर्म में से प्रत्येक धर्म के आंकड़े भरने से पहले वह राज्य/जिले के नाम आदि से सम्बंधित ब्यौरे और लोकेशन कोड के ब्यौरे भरेगा। इस फार्म में मुसलमानों, ईसाईयों, सिक्खों, बौद्धों, जैनियों और "अन्य धर्म और सम्प्रदाय" तथा "धर्म नहीं बताया" के अन्तर्गत आने वालों की स्त्री/पुरुष-वार जनसंख्या दर्ज करेगा। उसे ये आंकड़े निर्धारित तरीके से तैयार किए गए संक्षिप्त विवरणों से और "धर्म नहीं बताया" के मामले में ये आंकड़े चार्ज संकलन शीटों—धर्म से प्राप्त होंगे। इन सातों मदों के आंकड़े दर्ज कर लेने के बाद वह उनका योग करेगा।

36. चार्ज की स्त्री/पुरुष-वार कुल जनसंख्या सुपरवाइजर को पहले ही दे दी गई है। वह स्त्री/पुरुष-वार इस जनसंख्या को फाइनल संक्षिप्त विवरण की अंतिम लाइन में दर्ज करेगा। ऐसा करने के पश्चात् वह कुल जनसंख्या में से उक्त अन्य सातों मदों के योग को घटाकर हिन्दुओं की जनसंख्या प्राप्त करेगा।

37. इस प्रकार से चार्ज की हिन्दू जनसंख्या प्राप्त कर लेने के बाद वह इन आंकड़ों को हिन्दुओं के अन्तर्गत मिलायी गयी विवरणियों से सम्बंधित विवरण—धर्म में ले जाएगा। हिन्दुओं की इस कुल संख्या में से वह संक्षिप्त विवरण—धर्म में दर्ज विवरणियों की संख्या घटाकर उन हिन्दुओं के आंकड़े प्राप्त करेगा जिन्हें किसी अन्य धर्म के साथ नहीं मिलाया गया है। आगे के संसाधन के लिए ऐसा करना जरूरी है।

**(यह नोट किया जाए कि ऊपर दिए गए उदाहरण में हिन्दू प्रमुख धर्म के रूप में लिया गया है। किसी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का प्रमुख धर्म यदि हिन्दू से भिन्न है तो उसकी जनसंख्या ज्ञात करने के लिए यही पद्धति अपनाई जाएगी।)**

38. एक चार्ज के लिए पूरी प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद यदि जांच करने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचता है तो सुपरवाइजर चार्ज की ब्लाक संकलन शीटों—धर्म को रिकार्ड रूम को लौटा देगा।

39. बनाऐ गए अन्य रिकार्ड को सुपरवाइजर सम्बंधित सांख्यिकीय सहायक/अन्वेषक को सौंप देगा। इसमें चार्ज की चार्ज संकलन शीटें—धर्म और संक्षिप्त विवरण—धर्म, परिवार अनुसूचियां और गणना ब्लाकों की सूची सम्मिलित होंगी। चार्ज की परिवार अनुसूचियों और गणना ब्लाकों की सूची का मातृभाषा सम्बन्धी आंकड़ों के संकलन के लिए दूसरी टीम द्वारा आगे संसाधन किया जाएगा।

40. जब किसी चार्ज के धर्म सम्बन्धी आंकड़ों का कार्य पूरा होने वाला हो तो सुपरवाइजर रिकार्ड कीपर को अग्रिम तौर पर यह बता देगा कि उसे दूसरे चार्ज के रिकार्ड की आवश्यकता पड़ेगी।

**सांख्यिकीय सहायक/अन्वेषक**

41. जिस सांख्यिकीय सहायक या अन्वेषक को उक्त रिकार्ड सौंपे जाएंगे वह मुख्यतः गणितीय एकरूपता सुनिश्चित करेगा और विवरणियों को एक साथ मिलाने की संवीक्षा करेगा। वह तैयार की गई और प्रत्येक मुख्य धर्म से सम्बंधित प्रत्येक बंडल के ऊपर रखी संक्षिप्त विवरणियों—धर्म की संवीक्षा करेगा तथा यह सुनिश्चित करेगा कि इन मुख्य धर्मों में से प्रत्येक धर्म के अंतर्गत सम्मिलित की गई विवरणियां अनुलग्नक "क" में बताए गए विलयन के पैटर्न के अनुसार हैं। किसी गलती का पता चलने पर वह सभी फार्मों में आवश्यक शुद्धियां करेगा। वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी धर्मों के नाम सुसंगत आंकड़ों सहित संक्षिप्त विवरण—धर्म में ले जाए गए हैं।

**राज्य/जिला/तहसील/कस्बे के आंकड़ों का संकलन**

42. चार्ज स्तर से ऊपर की इकाइयों के आंकड़ों का संकलन निदेशालय के नियमित कर्मचारियों की सहायता से केन्द्रीकृत रूप से किया जाएगा। चार्ज आंकड़ों के समेकन के लिए प्रयोग किए गए फार्मों के शीर्षकों में उचित संशोधन करके इन फार्मों को इस प्रयोजन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। **तथापि यहां यह उल्लेखनीय है** कि जिन इकाइयों के आंकड़े सारणी ग- 9 के परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित किए जाएंगे उनमें से प्रत्येक इकाई के लिए "अन्य धर्मों और सम्प्रदायों" का ब्यौरा भी संकलित किया जाना है। सारणी ग-9, उसके परिशिष्ट और अनुलग्नक के फार्मेट इस पुस्तिका के अन्त में अनुलग्नक ख, ग और घ में दिए गए हैं।

